**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 06.11.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",काशीवार्ता,जनसन्देश टाइम्स ," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## काशीवार्ता –दि0 06.11.2025

# हर गुरुवार मानचित्र समाधान दिवस मनाने का हुआ आदेश

## वीडीए उपाध्यक्ष का सख्त निर्देश, लंबित फाइलों पर जताई कड़ी नाराजगी

**कहा, जनता का शोषण नहीं, समय से निस्तारण करना है जरूरी**

वाराणसी (काशीवार्ता)। विकास प्राधिकरण (वीडीए) के उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने प्राधिकरण के सभी पाँचों जोनों के जोनल अधिकारी, अवर अभियंता तथा क्षेत्रीय कार्मिकों की समीक्षा बैठक में स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि जनता का किसी भी प्रकार से शोषण नहीं होना चाहिए और सभी फाइलों का निस्तारण निर्धारित समयसीमा में हर हाल में किया जाए।

उपाध्यक्ष बोरा ने कहा कि कोई भी प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्य प्रणाली में तेजी, पारदर्शिता और जवाबदेही लाई जाए। बैठक के दौरान



भवन मानचित्र को लेकर बैठक करते वीडीए उपाध्यक्ष।

उन्होंने सभी जोनों की पिछले सात माह की प्रगति रिपोर्ट का विस्तृत परीक्षण किया। इसमें लंबित प्रकरणों की संख्या, स्वीकृत मानचित्रों की स्थिति तथा नोटिसों के निस्तारण की समीक्षा की गई।

बैठक में उपाध्यक्ष बोरा ने यह भी निर्देश दिया कि अब से प्रत्येक बृहस्पतिवार को मानचित्र समाधान दिवस के अंतर्गत सभी जोनों में विशेष कैम्प का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक जोन 20-20 फाइलों को शॉर्टलिस्ट कर समाधान हेतु प्रस्तुत करेगा। इससे नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी आवेदक को किसी प्रकार की समस्या हो, तो संबंधित अधिकारी स्वयं संपर्क कर समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में कोई कार्य लंबित नहीं रहना चाहिए और न ही किसी नागरिक को प्राधिकरण के कार्य से असुविधा होनी चाहिए।

**पारदर्शी कार्यप्रणाली पर जोर**

उपाध्यक्ष ने कहा कि विकास प्राधिकरण की विश्वसनीयता जनता की संतुष्टि से जुड़ी है, इसलिए प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ कार्य करना होगा। बैठक में सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा, अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा, नगर नियोजक प्रभात कुमार, सभी जोनल अधिकारी, अवर अभियंता एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जनसंदेश टाइम्स –दि0 06.11.2025

# निर्माण कार्य की क्वालिटी से कोई समझौता नहीं

**वीडीए वीसी की बैठक**

**कार्यों की दैनिक आधार पर करें मॉनिटरिंग**

वाराणसी। निर्माण कार्य के गुणवत्ता में कोई समझौता नही होनी चाहिए। कार्यो की दैनिक आधार पर जहां अधिकारी मानटिंग करें,वही ट्रांसपोर्ट नगर योजना के कार्यो में गति लाने के लिए आवश्यक कदम उठाए। इसको लेकर वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने वीडीए सभागार में अधिकारियो संग बैठक की और कई परियोजनाओ की समीक्षा कर कार्यो की प्रगति की जानकारी हासिल किया और अधिकारियो को कार्यो की नियमित मानटिंग किए जान को कहा। इस दौरान वीडीए उपाध्यक्ष ने प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न विकास कार्यो की वर्तमान स्थिति जाना और आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने ट्रांसपोर्ट नगर योजना के प्रगति की जानकारी ली और आधुनिक सुविधायुक्त नवीन जिला पुस्तकालय के निर्माण कार्य में हो रही देर पर नाराजगी जाहिर करते हुए डी.आई.जी.कालोनी आवास निर्माण परियोजना, ठठरा एवं छितौनी माडल कम्युनिटी हाल सहित उंदी ताल पुनर्जीवन परियोजना के कार्यो में तेजी लाए जाने का निर्देश दिया। वीडीए उपाध्यक्ष ने 75 पार्को के उच्चीकरण का कार्य, तथा शिवपुर स्थित मिनी स्पोर्ट्स स्टेडियम का



पुनर्निर्माण आदि की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए कार्य में लापरवाही नही बरतें जाने का निर्देश दिया। वीडीए उपाध्यक्ष ने प्राधिकरण परिसर में निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जांच हेतु एक प्रयोगशाला (लैब) स्थापित की जाने का निर्देश दिया। जिससे प्राधिकरण द्वारा संचालित सभी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके।